राजधानी
वर्ष 10 | अंक 244 | पृष्ठ : 16+8=24
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
सोमवार, 5 मार्च 2018

amarujala.com | स्पोर्ट्स | कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान बनाए गए दिनेश कार्तिक...13 | उत्तर प्रदेश



जर्मनी में भारी ठंड बर्फ बन गई नदी

जर्मनी में हेम्बर्ग के पास ठंड में पूरी तरह जम गई एल्ब नदी के किनारे खेलता बच्चा। जर्मनी समेत समूचे यूरोप में हाल की भारी बर्फबारी से भीषण शीतलहर जारी है। जर्मनी के हिल स्टेशन जुगपुजे में तो शनिवार की रात माइनस 27 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

15 लाख पेंग्विन की सुपर कॉलोनी की हुई खोज

वाशिंगटन। अंटार्कटिक प्रायद्वीप के उत्तरी मुहाने के पास स्थित दूरदराज के चट्टानी द्वीप 'डेंजर आइलैंड्स' में 15 लाख एडेली पेंग्विनों की एक 'सुपरकॉलोनी' का पता चला है। एडेली पेंग्विन अंटार्कटिक प्रायद्वीप में पाए जाते हैं।

पिछले 40 सालों में उनकी कुल आबादी में गिरावट आ रही थी या जीव विज्ञानियों को ऐसा लगता था। अमेरिका के वुड्स होल ओशनोग्राफिक इंस्टीट्यूशन (डब्ल्यूएचओआई) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में पेंगुइन की इस प्रजाति को लेकर अहम जानकारी मिली।

अमेरिका के स्टोनी ब्रूक यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर हीथर लिंच ने कहा कि दशकों से इन सुपर कॉलोनियों का पता नहीं चला था। 2014 में नासा के एक उपग्रह से ली गई तस्वीर में द्वीप पर पेंग्विनों की विशाल आबादी होने के संकेत मिले थे। इसके बाद शोधकर्ताओं ने द्वीप पर एक अभियान की व्यवस्था की। दिसंबर, 2015 में जब शोधकर्ताओं का एक समूह वहां पहुंचा तो उसने द्वीप पर हजारों पेंग्विन देखे। एजेंसी



पिछले 40 सालों में उनकी कुल आबादी में गिरावट आ रही थी